BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI ROAD, LUDHIANA

Assignment no 6

Hindi VIII 2023

MM 15

पाठ 11 , विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, कारक.

1)निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर ध्यानपूर्वक उत्तर दीजिए।(5)

भारत वर्ष सदा क़ानून को धर्म के रूप में देखता आ रहा है ।आज एकाएक क़ानून और धर्म में अंतर कर दिया गया है। धर्म को धोखा नहीं दिया जा सकता, क़ानून को दिया जा सकता है। यही कारण है कि लोग धर्म -भीरू है, वे क़ानून की त्रुटियों से लाभ उठाने में संकोच नहीं करते।

इस बात के पर्याप्त प्रमाण खोजे जा सकते हैं कि समाज के उपरी वर्ग में चाहे जो भी होता रहा हो,भीतर- भीतर भारत वर्ष आप भी ये अनुभव कर रहा है कि धर्म क़ानून से बडी चीज़ है। अब भी सेवा, ईमानदारी, अच्छाई और आध्यात्मिकता के मूल्य बने हुए हैं।वे दब अवश्य गए हैं लेकिन नष्ट नहीं हुए हैं। आज भी वह मनुष्य से प्रेम करता है ,महिलाओं का सम्मान करता है, झूठ और चोरी को ग़लत समझता है। दूसरो को पीड़ा पहुँचाने को पाप समझता है।हर आदमी अपने व्यक्तिगत जीवन में इस बात का अनुभव करता है।

क) आज भारत की क्या स्थिति है?
ख) भारत किसे धर्म के रूप में देखता है?
ग) किस को धोखा दिया जा सकता है?
घ) प्रमाण शब्द में उपसर्ग अलग करो।
ड) दूसरों को पीड़ा पहुँचाने को क्या कहते हैं?

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।(4)
क)उपलब्ध-
ख) भूत-
ग) विरोध-
घ) संयोग-

3) निम्नलिखित शब्दों के समरूपी भिन्नार्थक शब्द लिखे।(4)
क)उपयुक्त-
ख) उपर्युक्त -
ग)वह शराब पीने का —---- हैं ।(आदि,आदी)
घ)फूल पर —---रस चूस रहा है ।(अली, अलि)

4) शब्द चुनकर कारक के भेद लिखो।(2)
क) राम ने रावण को बाण से मारा।
ख) राम छत से गिर गया।